CENTRE FOR DENTAL EDUCATION AND RESEARCH (CDER)
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
NEW DELHI – 110 029

DATE: 28 /10 /2026

VACANCY NOTICE

For the temporary/contractual posts for the FIELD WORK under 'National Oral Disease Burden Survey' of National Oral Health Program, MoHFW, Govt of India by Centre for Dental Education and Research (CDER), AIIMS, New Delhi

****

POSTS FOR FIELD SURVEY

NATIONAL ORAL DISEASE BURDEN SURVEY, NOHP

LAST DATE TO APPLY: 11 November 2026 before 17:00 PM

S. No.	Name of the Post	No. of Vacancy*	Qualification / Experience	Age limit (Relaxable as per ICMR rules)
01.	**Data Entry Operator (for outstation fieldwork)**	**1**	**Essential:** Intermediate or 12th pass from recognized board. A speed test of not less than 15000 key depressions per hour through speed test on computer. **Desirable:** 1. Any Graduate Degree with excellent proficiency in MS-Office and other allied computer software One-year experience in data entry or related work experience in drafting letters/ office work	**Age Limit: 28** years
02.	**Multi-Tasking Staff (for outstation fieldwork)**	**1**	**Essential:** High School or equivalent **Desirable:** 1. One-year experience of epidemiological data collection in the field Knowledge of computer data entry	**Age Limit: 25** years

*** The number of vacancies may increase or decrease as per the requirement on the day of the interview.**

Important Information for the Candidates:
These applications are only for 'FIELD VISITS' and house to house based survey in all states of the country and not for the work at CDER, AIIMS New Delhi.

1. **Purpose of the Appointment:** You are being appointed for a contractual role in National Oral Disease Burden Survey as a field worker. The work requires extensive travel across different states of India. There is no arrangement for returning to Delhi between field visits. Upon completion of data collection activities in one state, you will be assigned to proceed to the next state as per the duty schedule.

2. **Nature of Appointment:** This is a temporary, contractual position; initially the period will be up to 31st March 2027, extendable based on project requirements and availability of funding. Salary will be as per ICMR rules. Performance will be reviewed every 30 days, and the contract may be terminated with one day's notice if found unsatisfactory.

3. **Posting & Travel:**
- You will be required to travel and collect data in any part of India as per the needs of the survey. **All travel and related expenses**, including accommodation, must initially be borne by the contractual employees and will be **reimbursed later on** an actual basis, subject to submission of required documents, applicable rules and approval from the competent authority. Reimbursement may take a few weeks to process. There is **no provision for advance payment** for travel, accommodation, or any other related expenses under any circumstances.
- You are required on a full-time basis during the active field work of survey phase; this is important for the successful execution of the project. Any refusal to perform the duty and travel shall be treated as refusal to work and termination of employment. In such cases there will be no entitlement to salary, reimbursements, experience certificate or other benefits.
- Other activity like tuition, coaching, professional practice, consultations either physical or online, paid or charitable shall be strictly banned during the period of your employment.
- During travel, you will be answerable to the assigned team leader.

4. **Salary, TA/DA, and Leave:**
- Salary and other allowances will be as per AIIMS/ICMR/GOI guidelines.
- TA/DA for travel during the survey work will be provided as per GOI rules **as reimbursement only** on filling the required proforma and attaching the bills and declarations as per Govt. rules. **There is no provision of advance for the travel and accommodation etc. in any case**. The amount will only be paid as per actual and as per rules in few weeks.
- No additional allowances will be given for any travel days/ field visits.

- No leave will be permitted during the days of travel for the survey and active field work and when you are on survey related travel (except emergency medical conditions).

5. **Duties and Responsibilities:**
- As assigned by the project-in-charge or authority.
- Work will involve direct field engagement and data collection in various parts of the country as assigned. Daily and periodic report submission shall be an essential requirement.

6. **Engagement in External Activities:**
- Engagement in any form of private practice, tuition, coaching, or online classes shall not be permitted during the period of employment. Any deviations from this shall result in job termination and action as per rules.

7. **Termination Clause:**
- Non-compliance with the terms may result in immediate termination by the employer.

8. **Resignation by the candidate**
- A candidate can resign after joining but must provide a 15 days' notice period in case of resignation or deposit the salary.

9. **Documents Required:**
1. The printout of google form filled.
2. Self-Attested copies of all educational and experience certificates.
3. Valid ID proof
4. Signed declaration (The document will be opened on scanning the QR CODE)

Method to Apply:
Candidates must submit the application in online form as well also send hard copies as below:

A) Online

- Fill out the Google Form **using the link or QR provided below** and upload scanned copies of the application form and all supporting documents.

B) Handing in sealed envelope by post only

- The envelope should be labelled as "**Application for the post of [Post Name] under National Oral Disease Burden Survey**"
- Submit a hard copy of the application form, experience certificates, copies of age proof and educational qualifications along with a detailed C.V. by post to:

6th Floor, Lab-2, NaRRIDS (National Oral Health Program/ National Oral Disease Burden Survey), Centre for Dental Education and Research (CDER), All India Institute of Medical Sciences (AIIMS), New Delhi 110029

NOTE:

- **In case a candidate wishes to apply for more than one post, then separate application(s) should be submitted for separate post(s).**
- Valid certificate of the employer is mandatory for all work experience mentioned.
- The email communication shall be sent to only short-listed candidates as per the criteria described.
- The applications of candidates not having essential qualifications shall be cancelled automatically and there is no binding to reply for their queries.
- Any form of canvassing, influence shall debar the candidate, and application shall be summarily rejected.
- Enquiry mails and postages shall not be entertained.
- If an additional degree or advanced course has been undertaken, a certificate from a recognized board or institution must be enclosed.
- Submission of documents by **both post and Google Form is mandatory** for consideration of the application. Any incomplete application shall be rejected.
- **All documents must be submitted online by 5:00 PM on 11/11/26. Applications sent by post must reach no later than 5:00 PM on 16/11/26 at the address given above.**

Selection Method:

Criteria for making merit list

- The candidates' merit list will be prepared based on percentage marks in the Essential Qualification (overall for the course) and Desirable qualifications, merit, experience etc.).
- Based on merit and years of experience, only 1:5 number of shortlisted candidates shall be invited for physical interview per post.
- In the event of a tie in the marks obtained in the qualifying examination, preference shall be given to candidates possessing the additional desirable qualification(s).
- The selection committee reserves the rights to conduct a written test/ exercises on computer/ clinical examination before the interview.
- Interviews will be conducted in person only. No TA/DA will be provided for attending the interview.
- The decision of the selection committee shall be final.

Conditions of Joining:

- **Declaration Forms:** The candidates are required to fill and submit certain declaration and undertaking form available at the **provided link or QR CODE**. This form typically includes declarations about the accuracy of the information provided in the application, agreement to abide by the terms and conditions of the appointment, and other relevant compliance statements. Any false information or withholding of relevant information may lead to cancellation of the appointment.
- Selected candidates shall be allowed to join immediately or maximum within 15 days of issue of the offer letter failing which the offer shall be stand automatically cancelled. Hence, only those candidates who can join immediately need to apply.
- In case selected candidates do not join, the waitlisted candidates can be invited to join as per rules. The waiting list shall be valid for 6 months.

AIIMS/ ICMR rules:

- The post will be purely contractual in nature, the duration of the job will be as per sanction and approval from the Ministry of Health and Family Welfare, Government of India.
- All candidates once selected may be asked to travel within India as per needs of the survey and it will be binding on them.
- The competent authority will have the right to send you for travel for field work or any other work for CDER, AIIMS.
- TA/DA will be given for the field survey as per Govt. of India rules for the purpose. No extra allowances may be admissible for such assignments.

- All salary, experience, leave admissible will be as per AIIMS/ICMR/ GOI guidelines.
- The appointment will be further subject to:
  Submission of self-attested copies of all the certificates, its scrutiny by the competent authority in the prescribed Proforma.

For any queries, candidates may contact via email:

The mode of communication shall only be by e-mail which was provided in the online form.

Submission of documents by **both post and Google Form is mandatory** for consideration of the application. Any incomplete application shall be rejected.
The last date of receiving online application is 11/11/26 and postal application is 16/11/26 at the address given above.

Only eligible and short-listed candidates will be called for interviews.

Google Form Link and QR Code to fill in the form:

Sl.No.	Post	Google form	QR Code
1.	Data Entry Operator (for outstation fieldwork)	https://forms.gle/xwxEGAkfo6UY6cYe8	
2.	Multi-Tasking Staff (for outstation fieldwork)	https://forms.gle/zjonzKaqha7742nu5	

दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सीडीईआर)
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली - 110029

दिनांक: 28 अक्टूबर 2026

रिक्ति सूचना

दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सीडीईआर), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 'राष्ट्रीय मौखिक रोग भार सर्वेक्षण' हेतु फील्ड कार्य के लिए अस्थायी/संविदात्मक पदों पर भर्ती।

****

फील्ड सर्वेक्षण हेतु पद
राष्ट्रीय मौखिक रोग भार सर्वेक्षण (एनओडीबीएस), राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनओएचपी)
आवेदन करने की अंतिम तिथि: 11 नवंबर 2026, सायं 5:00 बजे तक

S. No.	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	शैक्षणिक योग्यता / अनुभव	आयु सीमा (आईसीएमआर के नियमों के अनुसार शिथिलनीय)
01.	डेटा एंट्री ऑपरेटर (बाह्य राज्य/बाह्य	1	अनिवार्य योग्यता: 1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट (12वीं) उत्तीर्ण।	आयु सीमा: 28 वर्ष

	स्टेशन फील्ड कार्य हेतु)		**2. कंप्यूटर पर आयोजित गति परीक्षण (Speed Test) में प्रति घंटे न्यूनतम 15,000 की-डिप्रेशन (Key Depressions) की टाइपिंग गति।** **वांछनीय योग्यता:** **1. किसी भी विषय में स्नातक उपाधि तथा एमएस-ऑफिस (MS Office) एवं अन्य संबंधित कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का उत्कृष्ट ज्ञान।** **2. डेटा एंट्री अथवा संबंधित कार्य का एक वर्ष का अनुभव, या पत्राचार (Drafting Letters) एवं कार्यालयीन कार्य का अनुभव।**	
02.	**बहु-कार्य सहायक (Multi-Tasking Staff) (बाह्य राज्य/बाह्य स्टेशन फील्ड कार्य हेतु)**	**1**	**अनिवार्य योग्यता:** **हाई स्कूल (10वीं) उत्तीर्ण अथवा समकक्ष योग्यता।** **वांछनीय योग्यता:** 1. फील्ड में **महामारी विज्ञान (Epidemiological) डेटा संग्रहण का एक वर्ष का अनुभव।** 2. **कंप्यूटर पर डेटा एंट्री का ज्ञान।**	**आयु सीमा: 25 वर्ष**

* **Important Information for the Candidates:**

अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण सूचना:

ये आवेदन केवल 'फील्ड विजिट' एवं देश के सभी राज्यों में घर-घर जाकर किए जाने वाले सर्वेक्षण हेतु हैं तथा इनका संबंध सीडीईआर, एम्स, नई दिल्ली में कार्यालयीन कार्य से नहीं है।

1. नियुक्ति का उद्देश्य:

आपकी नियुक्ति **राष्ट्रीय मौखिक रोग भार सर्वेक्षण (National Oral Disease Burden Survey)** के अंतर्गत फील्ड कार्यकर्ता के रूप में संविदा आधार पर की जा रही है। इस कार्य के लिए भारत के विभिन्न राज्यों में व्यापक स्तर पर यात्रा करना अनिवार्य होगा। फील्ड भ्रमण के मध्य दिल्ली लौटने की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी। किसी राज्य में डेटा संग्रहण कार्य पूर्ण होने के उपरांत आपको ड्यूटी कार्यक्रम के अनुसार अगले राज्य में कार्य हेतु भेजा जाएगा।

2. नियुक्ति का स्वरूप:

यह नियुक्ति पूर्णतः **अस्थायी एवं संविदात्मक** होगी। प्रारंभिक नियुक्ति अवधि **31 मार्च 2027** तक रहेगी, जिसे परियोजना की आवश्यकता एवं वित्तीय स्वीकृति/उपलब्धता के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। वेतनमान **आईसीएमआर (ICMR)** के नियमानुसार देय होगा। कार्य निष्पादन की समीक्षा प्रत्येक **30 दिनों** में की जाएगी। यदि कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो एक दिन का नोटिस देकर संविदा समाप्त की जा सकती है।

3. पदस्थापन एवं यात्रा:

- सर्वेक्षण की आवश्यकता के अनुसार आपको भारत के किसी भी भाग में यात्रा कर डेटा संग्रहण करना होगा। यात्रा, आवास एवं अन्य संबंधित व्यय का वहन प्रारंभ में संविदा कर्मचारी द्वारा स्वयं किया जाएगा। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने, प्रचलित नियमों के पालन तथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरांत वास्तविक व्यय के आधार पर प्रतिपूर्ति (Reimbursement) की जाएगी। प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में कुछ सप्ताह लग सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में यात्रा, आवास अथवा अन्य संबंधित व्ययों के लिए अग्रिम भुगतान (Advance) की कोई व्यवस्था नहीं होगी।

- सर्वेक्षण के सक्रिय फील्ड कार्य के दौरान आपकी पूर्णकालिक (Full-Time) उपलब्धता अनिवार्य होगी, जो परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित कार्य अथवा यात्रा करने से इंकार करता है, तो इसे कार्य करने से इंकार माना जाएगा तथा उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है। ऐसी स्थिति में वेतन, व्यय प्रतिपूर्ति, अनुभव प्रमाण-पत्र अथवा किसी अन्य लाभ का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
- नियुक्ति अवधि के दौरान ट्यूशन, कोचिंग, निजी व्यावसायिक कार्य, परामर्श सेवाएँ (ऑफ़लाइन अथवा ऑनलाइन), सशुल्क अथवा निःशुल्क किसी भी प्रकार की अन्य गतिविधि करना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।
- यात्रा के दौरान आप निर्धारित **टीम लीडर** के प्रति उत्तरदायी होंगे।

4. वेतन, यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं अवकाश:

- वेतन एवं अन्य भत्ते **एम्स/आईसीएमआर/भारत सरकार** के प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार देय होंगे।
- सर्वेक्षण कार्य के दौरान की गई यात्रा हेतु **टीए/डीए** भारत सरकार के नियमों के अनुसार केवल प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के रूप में देय होगा। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र भरना तथा सरकारी नियमों के अनुसार बिल एवं आवश्यक घोषणाएँ संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में यात्रा, आवास अथवा अन्य संबंधित व्ययों के लिए अग्रिम राशि उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। प्रतिपूर्ति केवल वास्तविक व्यय एवं नियमानुसार कुछ सप्ताह के भीतर की जाएगी।
- यात्रा दिवसों अथवा फील्ड भ्रमण के लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त भत्ता देय नहीं होगा।

- सर्वेक्षण हेतु यात्रा के दिनों, सक्रिय फील्ड कार्य के दौरान तथा सर्वेक्षण संबंधी यात्रा अवधि में किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा (केवल आपातकालीन चिकित्सीय परिस्थितियों को छोड़कर)।

5. कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व:

- परियोजना प्रभारी अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्यों का निर्वहन करना होगा।

- कार्य में देश के विभिन्न भागों में प्रत्यक्ष फील्ड कार्य एवं निर्धारित स्थानों पर डेटा संग्रहण शामिल होगा। प्रतिदिन तथा निर्धारित अंतराल पर कार्य प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

6. बाह्य गतिविधियों में संलग्नता:

- नियुक्ति अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस, ट्यूशन, कोचिंग अथवा ऑनलाइन शिक्षण/कक्षाओं में संलग्न होना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। इस शर्त का उल्लंघन पाए जाने पर सेवा समाप्ति एवं नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

7. सेवा समाप्ति संबंधी प्रावधान:

- नियुक्ति की शर्तों एवं नियमों का पालन न करने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है।

8. अभ्यर्थी द्वारा त्यागपत्र:

- नियुक्ति ग्रहण करने के पश्चात अभ्यर्थी त्यागपत्र दे सकता है, परंतु त्यागपत्र देने की स्थिति में **15 दिन का पूर्व नोटिस** देना अनिवार्य होगा अथवा नियमानुसार वेतन जमा करना होगा।

9. आवश्यक दस्तावेज:

1. भरे गए **Google Form** का प्रिंटआउट।
2. सभी शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की **स्वप्रमाणित (Self-Attested)** प्रतियाँ।
3. वैध पहचान-पत्र (ID Proof)।
4. हस्ताक्षरित घोषणा-पत्र (यह दस्तावेज़ **QR Code** स्कैन करने पर उपलब्ध होगा)।

आवेदन करने की प्रक्रिया:

अभ्यर्थियों को **ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना तथा नीचे दिए गए अनुसार डाक द्वारा हार्ड कॉपी भेजना अनिवार्य होगा।**

(A) ऑनलाइन आवेदन

- नीचे दिए गए लिंक अथवा **QR Code** का उपयोग कर **Google Form** भरें तथा आवेदन पत्र एवं सभी आवश्यक सहायक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ अपलोड करें।

(B) केवल डाक द्वारा सीलबंद लिफाफे में आवेदन भेजना

- लिफाफे पर स्पष्ट रूप से निम्नलिखित अंकित होना चाहिए:

"राष्ट्रीय मौखिक रोग भार सर्वेक्षण (National Oral Disease Burden Survey) के अंतर्गत [पद का नाम] हेतु आवेदन"

- आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, अनुभव प्रमाण-पत्र, आयु प्रमाण-पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण-पत्रों की प्रतियाँ तथा विस्तृत **बायोडाटा (Curriculum Vitae - C.V.)** निम्नलिखित पते पर केवल डाक द्वारा भेजें:

छठी मंजिल, लैब-2

NaRRIDS (National Oral Health Program / National Oral Disease Burden Survey)

दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (CDER)

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS)

नई दिल्ली - 110029

महत्वपूर्ण निर्देश:

- यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, तो प्रत्येक पद के लिए पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
- आवेदन में उल्लिखित प्रत्येक कार्यानुभव के लिए संबंधित नियोक्ता द्वारा जारी वैध अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
- केवल निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुसार **शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों** को ही ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी।
- जिन अभ्यर्थियों के पास अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता नहीं होगी, उनके आवेदन स्वतः निरस्त कर दिए जाएंगे तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ का उत्तर देना संस्थान के लिए बाध्यकारी नहीं होगा।

- किसी भी प्रकार की अनुशंसा (Canvassing) अथवा प्रभाव डालने का प्रयास किए जाने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा उसका आवेदन बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा।
- आवेदन से संबंधित ई-मेल अथवा डाक द्वारा की गई पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
- यदि अभ्यर्थी ने कोई अतिरिक्त डिग्री अथवा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण/पाठ्यक्रम किया है, तो उसका प्रमाण-पत्र किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान द्वारा जारी होना चाहिए तथा आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आवेदन पर विचार किए जाने हेतु **Google Form तथा डाक द्वारा दस्तावेजों का प्रेषण दोनों अनिवार्य हैं।** अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- सभी दस्तावेज **11 अक्टूबर 2026 को सायं 5:00 बजे तक ऑनलाइन** जमा किए जाने चाहिए। डाक द्वारा भेजे गए आवेदन उपर्युक्त पते पर **16 अक्टूबर 2026 को सायं 5:00 बजे तक** प्राप्त हो जाने चाहिए।

आवेदन करने की प्रक्रिया:

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना तथा डाक द्वारा हार्ड कॉपी भेजना दोनों अनिवार्य होगा।

(A) ऑनलाइन आवेदन

- **नीचे दिए गए लिंक अथवा QR Code के माध्यम से Google Form भरें तथा आवेदन पत्र एवं सभी आवश्यक सहायक दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ अपलोड करें।**

(B) केवल डाक द्वारा सीलबंद लिफाफे में आवेदन

- **लिफाफे पर स्पष्ट रूप से निम्नलिखित अंकित होना चाहिए:**

"राष्ट्रीय मौखिक रोग भार सर्वेक्षण (National Oral Disease Burden Survey) के अंतर्गत [पद का नाम] हेतु आवेदन"

- आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, अनुभव प्रमाण-पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण-पत्रों की प्रतियाँ तथा विस्तृत बायोडाटा (C.V.) निम्नलिखित पते पर केवल डाक द्वारा भेजें:

  छठी मंजिल, लैब-2

  NaRRIDS (National Oral Health Program / National Oral Disease Burden Survey)

  दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (CDER)

  अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS)

  नई दिल्ली - 110029

  महत्वपूर्ण निर्देश:

- यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, तो प्रत्येक पद के लिए पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
- आवेदन में उल्लिखित प्रत्येक कार्यानुभव के लिए संबंधित नियोक्ता द्वारा जारी वैध अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
- केवल निर्धारित मानदंडों के अनुसार शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी।
- जिन अभ्यर्थियों के पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता नहीं होगी, उनके आवेदन स्वतः निरस्त कर दिए जाएंगे तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ का उत्तर देना संस्थान के लिए बाध्यकारी नहीं होगा।
- किसी भी प्रकार की अनुशंसा (Canvassing) अथवा प्रभाव डालने का प्रयास किए जाने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा उसका आवेदन तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।
- आवेदन से संबंधित ई-मेल अथवा डाक द्वारा प्राप्त पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
- यदि अभ्यर्थी ने कोई अतिरिक्त डिग्री अथवा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण/पाठ्यक्रम किया है, तो उसका प्रमाण-पत्र किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान द्वारा जारी होना चाहिए तथा आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आवेदन पर विचार किए जाने हेतु Google Form तथा डाक द्वारा दस्तावेजों का प्रेषण दोनों अनिवार्य हैं। कोई भी अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- सभी दस्तावेज 11 अक्टूबर 2026 को सायं 5:00 बजे तक ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए। डाक द्वारा भेजे गए आवेदन उपर्युक्त पते पर 16 अक्टूबर 2026 को सायं 5:00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिए।

चयन प्रक्रिया

मेरिट सूची तैयार करने के मानदंड

- **अभ्यर्थियों की मेरिट सूची अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (संपूर्ण पाठ्यक्रम में प्राप्त प्रतिशत अंक), वांछनीय योग्यता, मेरिट एवं कार्यानुभव आदि के आधार पर तैयार की जाएगी।**
- **मेरिट एवं कार्यानुभव के आधार पर प्रत्येक पद के लिए केवल 1:5 के अनुपात में अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।**
- **यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के अंक समान हों, तो अतिरिक्त वांछनीय योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।**
- **चयन समिति को साक्षात्कार से पूर्व लिखित परीक्षा, कंप्यूटर आधारित परीक्षण अथवा नैदानिक (Clinical) परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।**
- **डेटा एंट्री ऑपरेटर (DEO) के पद हेतु नियमानुसार टाइपिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी।**
- **साक्षात्कार केवल प्रत्यक्ष (In-person) माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।**
- **चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।**

कार्यभार ग्रहण करने की शर्तें

- **घोषणा एवं वचन-पत्र (Declaration/Undertaking): अभ्यर्थियों को उपलब्ध लिंक अथवा QR Code के माध्यम से उपलब्ध घोषणा एवं वचन-पत्र भरकर जमा करना होगा। इसमें आवेदन में दी गई जानकारी की सत्यता, नियुक्ति की शर्तों का पालन तथा अन्य आवश्यक घोषणाएँ सम्मिलित होंगी। किसी भी प्रकार की असत्य जानकारी अथवा महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए जाने पर नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।**
- **चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र जारी होने के तुरंत बाद अथवा अधिकतम 15 दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा। अन्यथा नियुक्ति प्रस्ताव स्वतः निरस्त माना जाएगा। अतः केवल वही अभ्यर्थी आवेदन करें जो तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के इच्छुक हों।**
- **यदि चयनित अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं, तो नियमानुसार प्रतीक्षा सूची (Waiting List) में शामिल अभ्यर्थियों को अवसर दिया जा सकता है। प्रतीक्षा सूची 6 माह तक वैध रहेगी।**

एम्स / आईसीएमआर के नियम

- **यह नियुक्ति पूर्णतः संविदात्मक होगी तथा नियुक्ति की अवधि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदत्त स्वीकृति एवं अनुमोदन के अनुसार होगी।**
- **चयनित सभी अभ्यर्थियों को सर्वेक्षण की आवश्यकता के अनुसार भारत के किसी भी भाग में यात्रा करने हेतु कहा जा सकता है तथा इसका पालन करना अनिवार्य होगा।**
- **सक्षम प्राधिकारी को आवश्यकता अनुसार फील्ड कार्य अथवा सीडीईआर, एम्स के अन्य कार्यों हेतु अभ्यर्थी को भेजने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।**
- **फील्ड सर्वेक्षण हेतु टीए/डीए भारत सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार देय होगा। ऐसे कार्यों के लिए किसी अतिरिक्त भत्ते का प्रावधान नहीं होगा।**
- **वेतन, अनुभव प्रमाण-पत्र, अवकाश एवं अन्य अनुमन्य सुविधाएँ एम्स/आईसीएमआर/भारत सरकार के प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार होंगी।**
- **नियुक्ति निम्नलिखित शर्त के अधीन होगी:**
    - **सभी प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा उनका सत्यापन।**

किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु अभ्यर्थी ई-मेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

संपूर्ण पत्राचार केवल उसी ई-मेल आईडी पर किया जाएगा जो अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रदान की गई होगी।

आवेदन पर विचार किए जाने हेतु Google Form तथा डाक द्वारा दस्तावेजों का प्रेषण दोनों अनिवार्य हैं। कोई भी अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 अक्टूबर 2026 तथा डाक द्वारा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2026 (सायं 5:00 बजे तक) होगी।

केवल पात्र एवं शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

<u>अंग्रेजी संस्करण का विज्ञापन पूर्व में जारी किया जा चुका है।</u>

आवेदन पत्र भरने हेतु Google Form लिंक एवं QR Code:

क्रम संख्या	पद	गूगल फॉर्म	QR Code
1.	डेटा एंट्री ऑपरेटर (बाह्य राज्य/बाह्य स्टेशन फील्ड कार्य हेतु)	https://forms.gle/xwxEGAkfo6UY6cYe8	
2.	बहु-कार्य सहायक (Multi-Tasking Staff/ फील्ड कार्य हेतु))	https://forms.gle/zjonzKaqha7742nu5	